भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3105
गुरुवार, 21 दिसंबर, 2023 / 30 अग्रहायण, 1945 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

उड़ान के अंतर्गत विमानपत्तनों पर आवागमन

3105. श्री लावू श्रीकृष्णा देवरायालू:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार के पास आरसीएस-उडान योजनाओं 1.0, 2.0, 3.0, 4.0, 4.1, 4.2 और 4.3 के अंतर्गत आने वाले आंध्र प्रदेश के विमानपत्तनों और मार्गों पर यात्री आवागमन के संबंध में कोई आंकड़े हैं;

(ख) यदि हा, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार को आरसीएस-उड़ान 5.0 और 5.1 के अंतर्गत आन्ध्र प्रदेश में विमानपत्तनों/हवाई पट्टियों के विकास की प्रगति की जानकारी है;
(घ) यदि हां, तो तत्सबंधी ब्यौरा क्या है, और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;
(ड) क्या सरकार को आरसीएस-उड़ान 5.0 में प्रकाशम बैराज वाटर एयरोड्रम को आरसीएस-उडान 5.1 में शामिल किए जाने के बाद प्रस्तावित वाटर एयरोड्रम की सूची से बाहर रखे जाने के कारणों की जानकारी है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल (डॉ.) विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त))

(क) और (ख): आंध्र प्रदेश में, कडप्पा, कुरनूल और प्रकाशम बैराज (डब्ल्यूए) हवाईअड्डों/वॉटर ऐरोड्रोम (डब्ल्यूए) की पहचान आरसीएस उड़ानों के प्रचालन और विकास हेतु की गई है।
कडप्पा और कुरनूल से आरसीएस उड़ान प्रचालन, दिनांक 27.04.2017 और 28.03.2021 से पहले से ही शुरू हो चुके हैं और कडप्पा को जोड़ने वाली उड़ानों को चयनित एयरलाइन प्रचालक द्वारा बंद कर दिया गया है।
पिछले 3 वर्ष में, आंध्रप्रदेश में कडप्पा और कुरनूल हवाईअड्डे के लिए हवाईअड्डा वार यात्री यातायात का विवरण, अनुलग्नक-I पर संलग्न है।
(ग) से (घ): आरसीएस-उड़ान 5.0 और 5.1 के तहत, आंध्रप्रदेश में विकास के लिए किसी हवाईपट्टी/हेलीपैड की पहचान नहीं की गई थी।
(ड.) और (च) उड़ान योजना का चरण 5.0 उन हवाईअड्डों के लिए था, जहां श्रेणी-2 (20 से 80 सीटें) और श्रेणी-3 (80 सीटों से अधिक) के विमानों का प्रचालन किया जा सकता है और उड़ान 5.1 केवल हेलीकाप्टर प्रचालन के लिए है। उड़ान योजना के तहत बोली के इन दौरों में कोई वॉटर ऐरोड्रोम उपलब्ध नहीं था।

* * * *

आंध्र प्रदेश में कडप्पा और कुरनूल हवाई अड्डे पर यात्रियों की संभलाई(संख्या में)

हवाईअड्डा	2020-21			2021-22			2022-23		
	घरेलू	अंतरराष्ट्रीय	कुल	घरेलू	अंतरराष्ट्रीय	कुल	घरेलू	अंतरराष्ट्रीय	कुल
कडप्पा (कडप्पा)	50218	0	50218	12855	0	12855	70126	0	70126
कुरनूल	0	0	0	31535	0	31535	38622	0	38622
कुल	**50218**	**0**	**50218**	**44390**	**0**	**44390**	**108748**	**0**	**108748**